रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री अजय सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

शहरों में जल-निकासी की भूमिगत व्यवस्था के लिए राज्यों को सहायता

*347. **श्री अजीत जोगी :**
श्री शिव प्रताप मिश्र :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राज्य सरकारों को शहरों में जल निकासी की भूमिगत व्यवस्था के लिए बनाई गई योजनाओं के लिए कोई सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो अब तक दी गई सहायता राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मध्य प्रदेश के कुछ शहरों के लिए इस प्रकार की सहायता हेतु मांग की गई थी और यदि हां, तो क्या सरकार ने उसकी मंजूरी दे दी है; और

(घ) क्या सरकार ने इस बात का पता लगाने के लिए अब तक कोई अध्ययन किया है कि महामारी और अन्य संक्रामक रोगों के फैलने के लिए दोषपूर्ण जल-निकासी व्यवस्था किस हद तक जिम्मेदार है?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारत) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) जी, नहीं।

दालों के संबंध में प्रौद्योगिकी मिशन

*348. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रौद्योगिकी मिशन के कार्य क्षेत्र में दालों के उत्पादन को भी शामिल करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या प्रौद्योगिकी मिशन ने दालों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए कोई ठोस कार्यक्रम तैयार किया है और इस संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किये हैं;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि इस दिशा में अब तक कोई निर्णय नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं?

उप प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल) : (क) से (घ) जी, हां। सरकार का तिलहनों संबंधी टैकनोलाजी मिशन के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने का प्रस्ताव है, ताकि दालों के उत्पादन को इसके अंतर्गत लाया जा सके।

तिलहनों संबंधी टेकनोलाजी मिशन ने दालों के विकास के बारे में एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, आठवीं योजना के दौरान मूल्य प्रोत्साहन, टेकनोलोजी और आदान सेवाओं के साथ उत्पादन को बढ़ावा देने का कार्यक्रम सुझाया गया है। इस पर अन्तर-मंत्रालयी स्तर पर विचार किया जा रहा है जिसके बाद राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके इस कार्यक्रम को अन्तिम रूप दिया जाएगा।

Study on brutality on Child Labour

*349. SHRI SURESH PACHOURI :
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE :

Will the Minister of LABOUR be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news